पिला दे साँवरिया

पिला दे साँवरिया, अपने नाम की मस्ती ॥
*तेरे हवाले करदी मैंने ॥,,
अपनी जीवन हस्ती,,,
पिला दे,,, जय हो ॥। साँवरिया, अपने नाम की मस्ती ॥

मैं तेरे चरणों में आया, "मन में लेकर आशा" ।
जी भर मुझको पिला दे बाबा, "न जाऊँ मैं प्यासा" ॥
*दाम की मुझको, फ़िक्र नहीं है ॥,,
मँहगी हो या सस्ती,,,
पिला दे,,, जय हो ॥। साँवरिया, अपने नाम की मस्ती ॥

हम ने सुन रखे हैं, "महखाने के ढंग निराले" ।
श्याम बहादुर आलू सिंह, "पीकर हो गए मतवाले" ॥
*पिला मुझे भी तूँ मय ऐसी ॥,,
पार लगेगी कश्ती,,,
पिला दे,,, जय हो ॥। साँवरिया, अपने नाम की मस्ती ॥

यही है अरदास दास की, "तीन बाण के धारी" ।
ऐसी मुझे पिला न उतरे, "पूरी उम्र ख़ुमारी" ॥
*बिना पिए न जाए बावरा ॥,,
मिट जाए चाहे हस्ती,,,
पिला दे,,, जय हो ॥। साँवरिया, अपने नाम की मस्ती ॥
अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21897/title/pila-de-sanwariya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |